[13/2/2024]

<u>परिशिष्ट-अ</u>

प्रश्न सं. [क्र. 761]

विधान सभा प्रश्न क्रमांक 761 अतारांकित

नगर निगम, इन्दौर द्वारा कान्ह नदी को पुर्नजीवित करने के निरंतर प्रयासों के तहत् किये गये एवं प्रस्तावित कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

1) नदी/ नालों में विगत वर्षो से छूटे हुये सार्वजनिक एवं घरेलू सीवर आउटफाल्स को टैप करने हेतु पृथक-पृथक योजनाओं में चरणबद्ध एवं निगम के वित्तीय प्रबंधन अनुसार प्रायमरी सीवर लाईन, सेकेण्ड्री सीवर लाईन, कालोनियों एवं मोहल्लों की सीवर लाईनों को जोड़ने के लिये इंटरकनेक्शन हेतु मुख्य सीवर लाईनें बिछाई गई एवं नदियों व नालों में मिलने वाले सीवर के 1746 सार्वजनिक एवं 5624 घरेलू आउटफॉल, कुल 7370 आउटफॉल्स ट्रैप कर लिये गये है। साथ ही शहर में 10 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किये गये हैं, जिनकी कुल क्षमता 412.5 एम.एल.डी. है।

2) कान्ह नदी शुद्धिकरण के तहत नगर निगम चौराहे से अहिल्या आश्रम तक रिवर फ्रंन्ट डेवलपमेन्ट योजना हेतु राशि रू. 25 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत नदी के किनारे के कटाव को रोकने के लिये गेबियन वॉल, स्टोन पिचिंग के साथ ही जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा।

3) इंदौर शहर के सीवर सिस्टम को और सुदृढ़ बनाने हेतु नमामि गंगे योजना के तहत सीवरेज नेटवर्क, कुल 195 एम.एल.डी. क्षमता के 03 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण एवं 15 वर्ष संचालन-संधारण हेतु राशि रू. 511.17 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई है। जिसकी निविदा प्रक्रिया प्रचलन में है।

4) शहर की सीमा वृद्धि क्षेत्रों में अमृत 2.0 योजनांतर्गत कुल 120 एम.एल.डी. क्षमता के 02 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं 195 कि.मी. सीवर लाईन बिछाने के कार्य हेतु प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। योजना में इस प्रयोजन हेतु कुल राशि रू. 568.00 करोड़ का प्रावधान है।

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

Sub-Engineer
Urban Administration
& Development

सहायक यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास